**प्रेस नोट दिनाँक- 12.11.2023**

**(1).** आज दिनाँक 12.11.2023 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में शारदीय नवरात्रि के दौरान शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृण बनाये रखने हेतु थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया। पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया । पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सरकारी शराब की दुकानों को चेक किया गया एवं 02/04 पहिया वाहनों की चेकिंग की गयी ।

**(2).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 12.11.2023 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर/लाइन्स श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया। महिलाओं/बालिकाओँ को **"मिशन शक्ति"** व **''शक्ति दीदी''** के तहत सार्वजनिक स्थलो जैसे- चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिलाओं/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई। इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती है ।

**(3).** पुलिस अधीक्षक महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में दीवाली त्यौहार के दृष्टिगत अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से 10 जुआरिओं को जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया ।

**(i). उ0नि0 श्री इमरान खान थाना भरतकूप** तथा उनकी टीम उ0नि0 श्री कमलेश कुमार, मुख्य आरक्षी शैलेंद्र सिंह. मुख्य आरक्षी कल्लू खां. होमगार्ड पट्टीदार द्वारा अभियुक्त 1. जितेंद्र कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 जागेश्वर प्रसाद 2.अशोक कुमार गुप्ता पुत्र भैरम प्रसाद 3. शिवदत्त पुत्र कैलाश शुक्ला निवासीगण कस्बा व थाना भरतकूप जनपद चित्रकूट 4. सोनू पुत्र श्यामलाल ग्राम सुदिनपुर थाना भरतकूप जनपद चित्रकूट को ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये

गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से मलफड़ 25000 रू व ताश के 52 पत्ते तथा जामातलाशी के 7670 रू व पांच अदद मोबाइल फोन बरामद किया गया हैं। बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 153/23 धारा 13 जुआ अधिनियम पंजीकृत किया गया।

**(ii). चौकी प्रभारी सरैंया श्री यदुवीर सिंह** तथा टीम आरक्षी चन्द्रभूषण राय, आरक्षी रोहित यादव, आरक्षीव दशरथ राम द्वारा अभियुक्त 1.भोला प्रसाद पुत्र श्री पाल निवासी तिलिहां पुरवा मजरा गड़चपा 2. महेश प्रसाद पुत्र चुनकावन निवासी गड़चपा 3. राजकुमार पुत्र मोहन लाल निवासी ककरौली मजरा गड़चपा थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट को ताश के पत्तों पर हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से मालफड़ 600/रु व 52 अदद ताश के पत्ते तथा जामातलासी से 520/रु व 02 अदद मोबाइल बरामद हुये। अभियुक्तों के विरुद्ध थाना मानिकपुर में धारा 13 जुआ अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**(iii). उ0नि0 श्री मुकेश सिंह परिहार थाना राजापुर** तथा उनके हमराही आरक्षी निशांत यादव, आऱक्षी शुभम, आरक्षी जितेन्द्र द्वारा अभियुक्त 1. दिनेश सोनकर पुत्र मिठाईलाल सोनकर 2. प्रमोद सोनकर पुत्र मेवालाल 3.किशोरीलाल पुत्र बचुवा निवासीगण हनुमानगंज कस्बा व थाना राजापुर जनपद चित्रकूट को ताश के पत्तो में हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से मालफड़ 1600/- रुपये व 52 अदद ताश के पत्ते तथा जामातलाशी से 600/- रुपये बरामद किये गये। अभियुक्तों के विरुद्ध थाना राजापुर में धारा 13 जुआ अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**(4).** पुलिस अधीक्षक महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष रैपुरा श्री शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री सिद्दनाथ राय तथा उनके हमराही द्वारा मु0अ0सं0 139/2023 धारा 379,411 भादवि के वांछित अभियुत्त राजू कोल पुत्र भंवरबाज निवासी पोखरी मजरा कोबरा थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गय।

**<u>गिरफ्तारी करने वाली टीमः-</u>**

1. उ0नि0 श्री सिद्दनाथ राय थान रैपुरा
2. आरक्षी राजमंगल बिन्द

**(5).** आज दिनांक 12.11.2023 को जिलाधिकारी चित्रकूट श्री अभिषेक आनन्द एवं पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्रीमती वृंदा शुक्ला द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी नोडल अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था की उपस्थिति में दीपावली अमावस्या मेला के दृष्टिगत रामघाट एवं मेला क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। डियूटी पर तैनात पुलिस बल को सतर्कतापूर्वक डियूटी करने एवं श्रद्धालुओं से विनम्रता पूर्वक व्यवहार करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

इस दौरान उपजिलाधिकारी सदर श्री संदीप यादव, क्षेत्राधिकारी नगर श्री हर्ष पाण्डेय, पीआरओ श्री गुलाब त्रिपाठी, चौकी प्रभारी सीतापुर श्री श्यामदेव सिंह एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**(6).** दिनाँक 11.11.2023 को दीपावली पर्व के अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला द्वारा शंकर बाजार गंगाजी रोड स्थित नेत्रहीनों के विकासार्थ सामाजिक संस्था 'दृष्टि' में जाकर छात्राओं को दीपावली की शुभकामनाएं देकर सभी को मिठाई एवं उपहार वितरित किये गये।

इस दौरान महोदया द्वारा छात्राओं को उ0प्र0 सरकार की महात्वकांक्षी योजना मिशन शक्ति अभियान-4 के क्रम में छात्राओं को महिला एवं बाल अपराधों के प्रति जागरुक किया तथा छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों से परिचित करते हुये महिला सुरक्षा, स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण के प्रति प्रोत्साहित किया। महोदया द्वारा छात्राओं को गुड-टच, बैड-टच के प्रति जागरुक किया गया। महोदया द्वारा सभी से कहा गया कि उनके साथ होने वाले किसी भी प्रकार के उत्पीड़न के प्रति पुलिस से ''चुप्पी तोड़ें खुलकर बोलें'' एवं ''सहना नहीं अब कहना है'' के नारों के साथ जागरुक किया

गया। इस दौरान महोदया द्वारा छात्राओं को महिला सुरक्षार्थ एवं सहायता हेतु चलाये जा रहे शासन के विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी देकर जागरुक किया।

इस दौरान कॉपरेटिव बैंक के सचिव श्री पंकज अग्रवाल, प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवनारायण, पीआरओ श्री गुलाब त्रिपाठी एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**(7).** आज दिनांक 12.11.2023 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री चक्रपाणि त्रिपाठी नोडल अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था द्वारा में दीपावली अमावस्या मेला क्षेत्र में परिक्रमा मार्ग का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। डियूटी पर तैनात पुलिस बल को सतर्कतापूर्वक डियूटी करने एवं श्रद्धालुओं से विनम्रता पूर्वक व्यवहार करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी प्रज्ञान श्री अनुज कुमार मिश्रा, क्षेत्राधिकारी नगर श्री हर्ष पाण्डेय, चौकी प्रभारी खोही परिक्रमा मार्ग श्री श्यामदेव सिंह एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**(8).** आज दिनाँक-12.11.2023 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट महोदया श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में दीपावली अमावस्या मेला में सुरक्षा व्यवस्था एवं संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी करने हेतु रामघाट, परिक्रमा मार्ग एवं विभिन्न पार्कि स्थलों में ड्रोन कैमरे की मदद ली गयी। जिसके द्वारा मेला में सूक्ष्म तरीके से भीड़, सुरक्षा व्यवस्था एवं संदिग्ध व्यक्तियों का आकलन किया गया। मेला डियूटी में लगे पुलिस कर्मियों की निगरानी भी की गयी।

**(9).** आज दिनांक 12.11.2023 को पूरे देश में दीपावली का त्यौहार हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी प्रज्ञान श्री अनुज कुमार मिश्र एवं उनकी टीम द्वारा थाना कोतवाली कर्वी क्षेत्रांतर्गत विनायकपुर वृद्धाश्रम में पहुंचकर मिष्ठान,फल,दीये इत्यादि भेंट कर बुजर्गों से आशीर्वाद प्राप्त किया गया तथा सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी गयी।

इसी क्रम मे प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह द्वारा ग्राम बजहा कोलान मजरा हनुआ में आर्थिक रुप से कमजोर बच्चों को मिष्ठान, पटाखे भेंटकर दीपावली की शुभकामनाएं दी गयी एवं बच्चों के साथ पटाखे जलाकर दीपावली मनायी गयी।

इसके साथ ही थानाध्यक्ष भरतकूप श्री सूबेदार बिन्द द्वारा कस्बा भरतकूप में, थाना मानिकपुर के वरि0उ0नि0 श्री रामवीर सिंह द्वारा ग्राम भैरम पुरवा में, उ0नि0 श्री सत्यमपति त्रिपाठी द्वारा कस्बा सरधुवा में आर्थिक रुप से कमजोर बच्चों को मिष्ठान, पटाखे भेंटकर दीपावली की शुभकामनाएं दी गयी